सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 2 | अजमेर, बुधवार 10 जुलाई 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## कोई संदेह नहीं कि नीट यूजी 2024 की पवित्रता से हुआ समझौता- सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल समेत कुछ अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट- 2024 के दौरान कथित अनियमितताओं को एक स्वीकृत तथ्य और परीक्षा की पवित्रता से समझौता मानते हुए सोमवार को कहा कि इसकी ;प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की व्यापकता निर्धारित होने के बाद तय किया जा सकता है कि संबंधित परीक्षा दोबारा कराने की आवश्यकता है या नहीं।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि इस परीक्षा की पवित्रता से समझौता हुआ। भविष्य में ऐसा न हो इसके लिए हर पहलू पर विचार.विमर्श के बाद ही कोई फैसला किया जाना चाहिए।

पीठ ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ;एनटीए से कहा कि वे नीट यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्र सार्वजनिक ;पेपर लीक होने की व्यापकता के बारे में 10 जुलाई तक जानकारी दें। इसके अलावा प्रश्नपत्र सार्वजनिक तथा 5 मई 2024 को परीक्षा आयोजित होने के बीच के समय से भी निर्धारित तिथि तक अवगत कराएं। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर नीट परीक्षा के धोखाधड़ी ;पेपर लीक के लाभार्थियों और बेदाग परीक्षार्थियों के बीच अंतर करना संभव नहीं तो दोबारा परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि यह एक स्वीकृत तथ्य है कि ;आदर्श मापदंडों की अनदेखी कर प्रश्नपत्र सार्वजनिक हुआ और उसकी प्रकृति कुछ ऐसी है जिसका हम निर्धारण कर रहे हैं। यदि यह व्यापक नहीं तो इसे रद्द नहीं किया जा सकता।




दूसरी तरफए दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले हमें प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की सीमा के बारे में सचेत होना चाहिए क्योंकि हम करीब 24 लाख छात्रों की समस्या से निपट रहे हैं। इसमें खर्च होने वाली लागतए यात्राए शैक्षणिक कार्यक्रम में व्यवधान शामिल है। इसलिए ;पेपर लीक की प्रकृति क्या है लीक कैसे फैला प्रश्न पत्र कैसे लोगों के बीच पहुंचा केंद्र और एनटीए ने इस गलत काम के लाभार्थी छात्रों की पहचान करने के लिए क्या कार्रवाई की है।शीर्ष अदालत ने जोर देकर कहा कि हमें पेपर लीक ;प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने के लाभार्थियों की पहचान करने में निर्दयी होना होगा।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनटीए को प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की प्रकृति उसके स्थानों और प्रश्न पत्र सार्वजनिक सार्वजनिक होने तथा परीक्षा आयोजित करने के बीच के समय के बारे में पूरी जानकारी 10 जुलाई तक देने का निर्देश दिया। वहीं केंद्रीय जांच ब्यूरो ;सीबीआई से 23 जून से की गई जांच प्रगति विवरण 10 जुलाई तक शीर्ष अदालत में दाखिल करने का भी निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से संदिग्ध मार्करों ;उत्तर पुस्तिका की की पहचान करने के लिए साइबर फोरेंसिक टीम और डेटा एनालिटिक्स के इस्तेमाल पर सवाल किया और कहा कि हमें खुद को नकारना नहीं चाहिए। इससे समस्या और बढ़ेगी।पीठ ने कहा कि नीट यूजी 2024 दोबारा आयोजित की जानी चाहिए या नहींए यह तय मापदंडों पर आधारित होना चाहिए। इसका कारण यह है न्यायालय को यह देखना होगा कि क्या कथित उल्लंघन प्रणालीगत स्तर पर हुआ है क्या यह ऐसी प्रकृति का है जो पूरी परीक्षा प्रक्रिया की अखंडता को प्रभावित करता है क्या धोखाधड़ी के लाभार्थियों को बेदाग छात्रों से अलग करना संभव है।

पीठ ने कहा कि ऐसी स्थिति में जहां पवित्रता का उल्लंघन पूरी परीक्षा को प्रभावित करता है और यदि पहचान करना संभव नहीं है तो पुनः परीक्षा की आवश्यकता है लेकिन यदि लाभार्थियों की पहचान हो जाती है तो पुनः परीक्षा की आवश्यकता नहीं होगी।शीर्ष अदालत ने कहा कि यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि करीब 24 लाख छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा कराना मुश्किल है। अगर हम देखते हैं कि लीक ;प्रश्न पत्रसोशल मीडिया पर हुआ था तो यह बहुत व्यापक है। अगर यह टेलीग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से हुआ तो यह जंगल की आग की तरह फैलने जैसा है।पीठ ने केंद्र सरकार और एनटीए को यह बताने का भी निर्देश दिया कि क्या संदिग्ध मामलों की पहचान करने के लिए साइबर फोरेंसिक इकाई या सरकार द्वारा नियोजित किसी अन्य में डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करना व्यवहार्य होगा ताकि दागी छात्रों को बेदाग से अलग करने के लिए तौर.तरीके बनाया जा सके।

पीठ ने कहा कि यदि लीक ;प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने से अधिक लाभार्थियों का पता लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है तो इस पर नीतिगत निर्णय लेने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि सरकार के लिए यह आवश्यक होगा कि वह विभिन्न विषयों के प्रसिद्ध विशेषज्ञों की एक टीम गठित करे ताकि नीट में किसी भी तरह के उल्लंघन को रोकने के लिए उचित उपाय किए जाएं।

पीठ ने कहा कि समिति के गठन के बारे में अदालत को सूचित किया जाएगा और अदालत तय करेगी कि समिति आगे बढ़ेगी या संबंधित विशेषज्ञता और डेटा एनालिटिक्स के विविध क्षेत्रों से लोगों को समिति में रखना सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार एनटीए और सीबीआई से हलफनामा देने को कहाए जिसमें जांच अधिकारी की रिपोर्ट भी शामिल है कि प्रश्न पत्र कैसे सार्वजनिक किया गया।

सुनवाई के दौरान पीठ ने प्रश्न पत्रों की छपाईए देश.विदेश में स्थापित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने की व्यवस्था और उसकी सुरक्षा समेत तमाम पहलुओं पर परीक्षा करने वाली संस्था एनटीए से विस्तृत सवाल पूछे। गौरतलब है कि परीक्षा देने वाले कुछ छात्रों ने बड़े पैमाने पर परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग करते हुए अलग.अलग दायर की हैं। इसके विपरीत कुछ ने याचिका दायर कर दोबारा परीक्षा नहीं कराने का अदालत से अनुरोध किया है।केंद्र सरकार और एनटीए ने अदालत के समक्ष हलफनामा दाखिल कर यह कहते हुए परीक्षा दोबारा करने का विरोध किया है कि इससे लाखों ईमानदार छात्रों कि भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। हालांकि सरकार और एनटीए दोनों ने यह स्वीकार किया है कि कुछ परीक्षा केंद्रों पर पर अनियमितताओं की शिकायतें मिली थींए जिनकी सीबीआई जांच की जा रही है।

## शराब नीति घोटाला : अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट



नई दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मंगलवार को प्रोडक्शन वारंट जारी कर आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया हैं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय ;ईडी की ओर से केजरीवाल के खिलाफ दायर पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए प्रोडक्शन वारंट जारी किया।

दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आबकारी नीति मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई ने 26 जून 24 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय ;ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।राऊज एवेन्यू स्थित अवकाश कालीन विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने सीबीआई की ओर से केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग नहीं करने और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के आग्रह के बाद यह आदेश पारित किया था।इससे पहले ईडी की ओर से दर्ज मामले में विशेष अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दी थी। इस जमानत आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने ईडी की याचिका पर 21 जून को अंतरिम रोक और 25 जून को निलंबित करने का आदेश पारित किया था।

## पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के कोच नियुक्त

मुंबई। पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को क्रिकेट के तीनों प्रारुपों टेस्ट एकदिवसीय और टी.20 मैचों के लिए मंगलवार को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। अशोक मल्होत्रा जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक की क्रिकेट सलाहकार समिति की सिफारिश पर मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ;बीसीसीआई सचिव जय शाह ने गौतम गंभीर के नाम का एलान करते हुए कहा कि मुझे भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर गंभीर के नाम का एलान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। मैं उनका भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में स्वागत करता हूं। आधुनिक क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में कठिनाइयों को सहने और विभिन्न भूमिकाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बादए मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।उन्होंने कहा गंभीर तीनों प्रारुप में टेस्टए एकदिवसीय और टी-20 मैचों में भारतीय के कोच होंगे और उनका कार्यकाल 3.5 वर्ष का होगा। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे। गंभीर 27 जुलाई से



श्रीलंका के खिलाफशुरु होने वाली श्रृंखला से अपना कार्यभार संभालेंगे।जय शाह ने सोलश मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि टीम के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके विशाल अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को निभाने के लिए पूरी तरह से सक्षम बनाता है। बीसीसीआई गंभीर की इस नई यात्रा का पूरा समर्थन करता है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस अवसर पर पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड को उनके कार्यकाल की उत्कृष्ट सेवा के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। द्रविड के कार्यकाल में भारतीय टीम ने आईसीसी पुरुष टी.20 विश्वकप 2024 का चैंपियन बना है। साथ ही भारत में आयोजित आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप 2023 और इंग्लैंड में आयोजित आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 में उपविजेता भी रही।बोर्ड ने पारस म्हाम्ब्रे ;गेंदबाजी कोच टी दिलीप ;फील्डिंग कोचऔर विक्रम राठौर ;बल्लेबाजी कोच को भी बेहद सफल कार्यकाल के लिए बधाई देता है। बीसीसीआई उनके योगदान को महत्व देता है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता है।बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि बोर्ड पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ को टीम के साथ उनके शानदार प्रदर्शन के लिए धन्यवाद देता है। भारतीय टीम अब एक नए कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में एक यात्रा पर निकल पड़ी है। मुख्य कोच के रूप में उनकी नियुक्ति भारतीय क्रिकेट के लिए एक नया अध्याय है।खेल के प्रति उनका अनुभवए समर्पण और दूरदर्शिता उन्हें हमारी टीम को आगे ले जाने के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाती है। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भारतीय टीम आगे भी बेहतर प्रदर्शन करेगी और देश को गौरवान्वित करेगी। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होने पर गौतम गंभीर को हार्दिक बधाई। उनका शानदार करियर और क्रिकेट की गहरी समझ उन्हें इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त बनाती है।

## सम्पादकीय

# समाज सेवा करते करते राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर छाने वाले ओम बिरला का जीवन बड़ा प्रेरक है

राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर 1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफ्लताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने।ओम बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते.पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता, सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है। यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चर्चाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ। इससे संसद की गरिमा बनी और परंपराओं का पालन हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले समय में लोकसभा ज्यादा बेहतर तरीके से अपने कामों को अंजाम दे सकेगी।

श्री बलराम जाखड़ के बाद वे दूसरे ऐसे सांसद हैंए जिन्होंने यह गरिमामय पद दुबारा संभाला है। इस बात को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नए सांसदों को बिरला से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि संसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। सदन में आचरण और नियमों का पालन जरूरी है। सदन की गरिमा और परंपराओं का पालन अध्यक्ष की बहुत महती जिम्मेदारी है।श् उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला जी का यह कार्यकाल उदाहरण बनेगा। जहां गंभीर बहसें होंगी और शासकीय काम के साथ विमर्शों का नया आकाश खुलेगा।राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर 1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवाए समर्पण और उससे उपजी सफ्लताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफ्ल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं। 17 वीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फ्लक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यताए कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया । उनका सहज अंदाज और हल्की मुस्कानएमीठी डांट से सदन को चलाने का तरीका उन्हें इस बार इस पद का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बना चुका था। अब कोटा की स्थानीय राजनीति से राष्ट्रीय फ्लक पर आए बिरला सदन की उपलब्धि बन चुके हैं।बिरला राजनीति में आने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ;आरएसएस से जुड़े थे। उनके मन में समाजसेवा की भावना इसी संगठन से उपजी और वे विविध प्रकल्पों के माध्यम से इसी काम में रम गए। उन्होंने अपने क्षेत्र में 2012 में परिधान नाम कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारंभ कियाए जिसके तहत समाज के कमजोर वर्गों को किताबें और कपड़े वितरित किए जाते थे। इसके साथ ही रक्तदान और मुफ्त दवा वितरण के आयोजनों से वे लोगों के दिलों में उतरते चले गए। फ्रि उन्होंने मुफ्त भोजन कार्यक्रम भी चलाया। उनका संकल्प था उनके लोग भूखे न सोएं। इस तरह वे बहुत संवेदनशील और बड़े दिलवाले सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता की तरह सामने आते हैं। यह उन हाशिए के लोगों की दुआएं ही थीं कि बिरला आज सत्ता राजनीति के शिखर पर हैं।भाजपा को एक दल के रूप में इस बार लोकसभा में पूर्ण बहुमत नहीं है और उसकी निर्भरता राजग के सहयोगियों पर बढ़ी है। इसी तरह सदन में प्रतिपक्ष ज्यादा ताकतवर हुआ है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की सरकार के सामने अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी मौजूद होंगे। मोदी की तीसरी सरकार में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलना भी एक बड़ी सूचना है। पिछले दो सदनों में कांग्रेस के इतने सदस्य नहीं थे कि वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल कर सके।

## 22वां वार्षिक शिखर सम्मेलन

# यूक्रेन पर रूस को खरी नसीहत,मोदी को मिला सर्वोच्च रूसी सम्मान



मॉस्को। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से साफशब्दों में अपील की कि यूक्रेन के युद्ध में मासूमों की मौत बहुत ही पीड़ाजनक होती है और युद्ध भूमि से समाधान नहीं निकला करते हैं इसलिए संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से समाधान खोजे जाने चाहिए। मोदी ने भारत एवं रूस के बीच 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान यह बात खुल कर कही। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के सुझावों की सराहना की। बैठक में दोनों देशों ने किफायती ऊर्जाए उर्वरक एवं परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में भारत ने रूस में आतंकवाद की घटनाओं की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी की मॉस्को यात्रा के दूसरे दिन ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में राष्ट्रपति पुतिन के साथ हुई भारत.रूस 22वें शिखर सम्मेलन में आपसी सहयोग बढ़ाने के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के बाद मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान दि ऑर्डर ऑफसेंट एंड्रयू द एपोस्टल प्रदान किया गया।

उन्होंने इस सम्मान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं और वह इसे भारत के लोगों को समर्पित करते हैं। दि ऑर्डर ऑफसेंट एंड्रयू द एपोस्टल मूल रूप से उत्कृष्ट नागरिक और सैन्य योग्यता के सम्मान और देश की असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार के प्रतीक चिन्ह में एक नीला सैश सेंट एंड्रयू के क्रॉस वाला एक बैज और छाती पर पहना जाने वाला एक सितारा शामिल होता है।बैठक के बाद मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा कि आज क्रेमलिन में राष्ट्रपति पुतिन के साथ सार्थक चर्चा हुई। हमारी बातचीत में व्यापार, वाणिज्य, सुरक्षा, कृषि प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे क्षेत्रों में भारत.रूस सहयोग में विविधता लाने के तरीकों पर चर्चा हुई। हम कनेक्टिविटी और लोगों से लोगों के बीच आदान.प्रदान को बढ़ावा देने को बहुत महत्व देते हैं।

सूत्रों के अनुसार बैठक में किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने और इससे मुद्रास्फीति मूल्य वृद्धि को नियंत्रण में रखने के बारे में चर्चा हुई। भारत ने माना कि हमारी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस एक महत्वपूर्ण भागीदार है। पिछले साल रूस से 80 मिलियन मीट्रिक टन ;एमएमटी से ज्यादा कच्चा तेल आयात किया गया था।किसानों के हित और खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से भारत के लिए रूस आयातित उर्वरकों का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। पिछले साल रूस से 48 लाख टन से अधिक उर्वरकों का आयात किया गया था। उर्वरकों की आपूर्ति भारत के किसानों के लिए महत्वपूर्ण है खासकर चालू खरीफ फ्सलों और अक्टूबर से शुरू होने वाले रबी सीजन के लिए।

बैठक में भारत ने यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर अपना रुख दोहराया कि इस संकट का समाधान युद्ध के मैदान पर नहीं पाया जा सकता है। भारत ने हमेशा से बातचीत और कूटनीति की वकालत की है। प्रदूषण रहित हरित विकास के लिए दोनों देशों के बीच जारी परमाणु ऊर्जा सहयोग की समीक्षा की गई।तमिलनाडु के कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की 1000 मेगावाट की दो इकाइयां पहले से ही परिचालन में हैं। ये रूसी तकनीक पर आधारित हैं। दो अन्य इकाइयां निर्माण के अग्रिम चरण में हैं। इसलिएए दो नए आगामी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए दीर्घकालिक ईंधन आपूर्ति सुरक्षित करने की आवश्यकता है।बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में यूक्रेन को लेकर शांति की अपील करते हुए कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को जनहानि होने पर दुख होता है। लेकिन जब मासूम बच्चों की हत्या होती है तो गहरा दुख होता है। उन्होंने कहा कि एक मित्र के रूप मेंए मैंने हमेशा दोहराया है कि हमारी भावी पीढ़ी के उ’जवल भविष्य के लिए शांति सर्वोपरि है। हालांकिए मुझे पता है कि युद्ध के मैदान में समाधान कभी.कभी काम नहीं करते हैं। गोला-बारूद के बीच समाधान और शांति के संवाद सफ्ल नहीं होते हैं। फ्रि भी हमें संवाद के माध्यम से समाधान खोजने की जरूरत है।मोदी ने कहा कि पिछले 40-50 साल से भारत आतंकवाद को झेल रहा है। आतंकवाद कितना भयानक होता हैए कितना घिनौना होता हैए वो हम 40 साल से भुगत रहे हैं। ऐसे में जब मॉस्को में आतंकवादी घटनाएं घटीं दागिस्तान में आतंकवादी घटनाएं घटीं उसका दर्द कितना गहरा होगाए इसकी मैं कल्पना करता हूं और मैं हर प्रकार के आतंकवाद की निंदा करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गत 5 वर्ष पूरे विश्व के लिए पूरी मानवजाति के लिए बहुत ही चिंताजनक रहे चुनौतीपूर्ण रहे और अनेक संकटों से गुजरना पड़ा। पहले कोविड के कारण और बाद में संघर्ष और तनावों का कालखंड अलग अलग भू.भाग में जिसने मानवजाति के लिए बहुत संकट पैदा किए। ऐसी स्थिति में भी भारत.रूस मित्रता और सहयोग ने भारत के किसानों को मुसीबत में नहीं आने दिया। उर्वरक की उपलब्धता के मामले में किसानों की आवश्यकताओं को हम पूरा करने में सफ्ल रहे। उसमें हमारी मित्रता का बहुत बड़ी भूमिका है।

उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। आने वाले दिनों में किसानों के हित के लिए हम चाहेंगे कि रूस के साथ हमारा सहयोग बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि ये कार्यकाल हमारे संबंधों को और गहरा व घनिष्ठ बनाएगा। हम नई.नई उपलब्धियों को लेकर आगे बढ़ेंगे।बैठक के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने अपने वक्तव्य में वर्तमान में रूस.भारत संबंधों में एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझीदारी की सराहना की।

उन्होंने रेखांकित किया कि पिछले सालए रूस और भारत के बीच व्यापार 66 प्रतिशत बढ़ाए और 2024 की पहली तिमाही में 20 प्रतिशत और बढ़ गया।पुतिन ने कहा कि रूस और भारत अंतरराष्ट्रीय मामलों में निकटता से सहयोग करते हैं। इन अंतरराष्ट्रीय संस्थानोंए मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र और शंघाई सहयोग संगठन ;एससीओ और ब्रिक्स जैसे संगठन शामिल हैं। उन्होंने मोदी से कहा कि मैं सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आपके द्वारा दिए गए ध्यान की सराहना करता हूंए जिसमें मुख्य रूप से शांतिपूर्ण तरीकों के माध्यम से यूक्रेन संकट को हल करने के तरीके खोजने के आपके प्रयास भी शामिल हैं।

## जयपुर में शहीद मेजर विकास भांभू के नाम से प्रमुख मार्ग का नामकरण

जयपुर। राजस्थान में जयपुर के एक प्रमुख मार्ग का नामकरण शहीद मेजर विकास भांभू के नाम से किया गया है।सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने मंगलवार को बताया कि हाल में मेजर भांभू को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। उनकी याद में जयपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जयपुर के एक प्रमुख मार्ग का नामकरण मेजर विकास भांभू मार्ग किया गया।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्ति एवं काफी संख्या में युवाओं की मौजूदगी रही जिन्होंने शहीद मेजर भांभू अमर रहे के नारों से उनको श्रद्धांजलि दी। मेजर भांभू ने गत वर्ष अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के मिगिंग गांव में हुए हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हो गए थे।

## जोधपुर में बस एवं ट्रक की भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत

जोधपुर। राजस्थान में जोधपुर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में आज एक निजी बस और ट्रक में भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर से शिव जा रही यह निजी बस की बडली गांव के पास ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रक चालक पन्ना लाल की मौत हो गई तथा बस चालक सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में घायल सभी लोगों को जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दौसा में पुराने सिक्कों को करोड़ों में खरीदने का झांसा देकर ठगी



दौसा। राजस्थान में दौसा जिले के बैजूपाड़ा थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग को पुराने सिक्के करोड़ों में खरीदने का झांसा देकर तीन लाख 58 हजार रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने आरोपी जाहिद मेव पुत्र मोर मल ;24 निवासी गोलकी थाना सीकरी ;जिला डीगद्ध को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने मंगलवार को बताया कि पिछले वर्ष आठ अक्टूबर 2023 को पीड़ित रमेश चंद शर्मा 61 ने शिकायत दर्ज कराई कि पुराने सिक्के खरीदने का कहकर उससे पंजीकरण शुल्क, आयकर, पुलिस द्वारा गाड़ी पकड़ने का बहाना बनाकर कुल तीन लाख 57 हजार 540 रुपए अपने खाते में स्थानांतरित करवा लिए। उन्होंने बताया कि इस पर पुलिस ने तकनीकि सहायता से डीग जिले के नगर थाना क्षेत्र में आरोपी जाहिद मेव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे मंगलवार को न्यायालय में पेश करके पुलिस हिरासत में लिया गया।

## शादी के चंद घंटों बाद 7वीं मंजिल से गिरकर नवविवाहिता की मौत

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को शादी के चंद घंटों बाद ही इमारत की सातवीं मंजिल की छत से गिरने से एक नवविवाहिता की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका कोमल बंसल ;32 की सात जुलाई को ही अजमेर में गोकुलधाम सोसायटी में निवासरत रौनक बंसल के साथ शादी हुई थी। वह जयपुर की थी।बताया जा रहा है कि सुबह आठ बजे वह ज्ञान विहार के नजदीक गोकुलधाम.5 पर अपनी ससुराल पहुंची और दोपहर साढ़े तीन बजे वह छत पर गई और कुछ ही देर बाद वह छत से गिर गई। परिजन उसे गंभीर हालत में लेकर चिकित्सालय पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर उपाधीक्षक रूद्र प्रकाश शर्माए थानाधिकारी अरविंद सिंह चारण भी घटना स्थल पर पहुंचे और पूछताछ शुरू की। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।



## मेरा वृक्ष मेरा परिवार संदेश के साथ संस्कृत महाविद्यालय में रोपे 51 पौधे

अजमेर। सुप्रीम फाण्डेशन जसवंतगढ के मुख्य ट्रस्टी सेठ बजरंग लाल महावीर प्रसाद तापड़िया की प्रेरणा से स्थानीय राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में 51 पौधे लगाए गए।फाण्डेशन के मुख्य समन्वयक श्याम बाबू शर्मा ने बताया कि फाण्डेशन द्वारा राजस्थान के सभी जिलों में संचालित राजकीय संस्कृत महाविद्यालयों में मेरा वृक्ष मेरा परिवार के संदेश के साथ 2100 पौधे लगाकर प्रदेश में छात्रों को अध्यापन के साथ साथ प्रकृति से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित करना है।मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत अमृत पर्यावरण महोत्सव 2024 एक पेड़ देश के नाम को ध्यान में रखते हुए इन पौधो के संरक्षण की जिम्मेदारी महाविद्यालय परिवार ने ली। इस मौक पर व्याख्याता शास्त्री लोकेश शर्मा, विमला गुर्जर, जितेन्द्र सिंह नरूका, चैतन्य प्रकाश दामोदरिया, ऋषि मिर्धा, शारदा देवी, जनता देवी व विद्यार्थियों सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।








# अजमेर में माली समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन, दिनभर मेले जैसा माहौल



अजमेर। माली सैनी समाज के रविवार को तोपदड़ा स्थित गढ़वाल पैलेस में आयोजित वैवाहिक परिचय सम्मेलन में समाज के विवाह योग्य 559 युवक-युवतियों ने की भागीदारी की।ज्योतिबा फुले सैनी मालियान एकता समिति की ओर से समग्र माली समाज के प्रथम वैवाहिक परिचय सम्मेलन का उदघाटन अतिथियों व संस्था पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पाजंलि अर्पित कर किया।परिचय सम्मेलन को लेकर समाज बन्धुओं में इतना उत्साह था कि एक बार रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आगे बढ़ानी पड़ी। इसके बाद भी वंचित रह गए आवेदकों के लिए सम्मेलन स्थल पर भी ऑन.स्पॉट रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की गई।परिचय सम्मेलन में बडी संख्या में समाज के गणमान्यजों बुजुर्गों महिलाओं युवाओं ने शिरकत की। दिनभर मेले जैसा माहौल बना रहा। कई परिवारों के मुखिया अपने बच्चों व सगे.सम्बधियों के रिश्तों के लिए एक-दूसरे से वार्तालाप करते नजर आए। समिति के अनुसार 550 के लगभग युवक युवक्तियों के रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए। मंच पर आकर परिचय देने वाली युवतियों को सम्मान स्वरुप विशेष उपहार भी प्रदान किया गया। सम्मेलन में आने वाले सभी समाज बंधुओं के लिए चाय.पानी और कूपन के जरिए भोजन की व्यवस्था की गई।सम्मेलन में राजस्थान के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली आदि कई राज्यों से समाज बंधु सम्मिलित हुए। बाहर से आए समाज बंधुओं के लिए समिति ने ठहरने की व्यवस्था भी गढ़वाल पैलैस में की। इस वैवाहिक परिचय सम्मेलन में देशभर के माली समाज की सभी जातियों जैसे कुशवाह, मौर्य शाक्य, पटेल आदि ने भी भागीदारी की। प्रदीप कुमार कच्छावा ने बताया कि सम्मेलन में प्राप्त युवक युवतियों का बायोडाटा के आधार पर वैवाहिक परिचय पुस्तक तैयार की जाएगी ताकि समाजबंधुओं को विवाह योग्य.युवतियों के लिए रिश्ते ढूंढने में आसानी रहेगी।समिति अध्यक्ष अशोक टांक ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था सचिव हेंमेद्र सिंगोदिया ने युवक युक्तियां, उनके परिवार माता-पिता और सभी समाज बंधुओं का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। मंच का संचालन मोनिका सईवाल ने किया।

कार्यक्रम में गोकुलधाम के वीरभद जी महाराज, राजस्थान माली महासभा के महामंत्री गोपाल माली, इंदौर के पुरुषोत्तम सैनी, उज्जैन के सत्यनारायण कच्छावा, हनुमान प्रसाद कच्छावा समेत बडी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## महिला पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 13 जुलाई को

जयपुर। राजस्थान में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 13 जुलाई को पर्यवेक्षक ;महिला सीधी भर्ती परीक्षा.2024 आयोजित की जाएगी।जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने मंगलवार को बताया कि परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक जयपुर के 11 केन्द्रों पर होगी जिसमें कुल दो हजार 506 अभ्यर्थी किस्मत आजमाएंगे।उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए कलक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 11 से 13 जुलाई तक किया जाएगा।नियंत्रण कक्षा 11 एवं 12 जुलाई को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम छह बजे तक कार्य करेगा।

वहींए 13 जुलाई को सुबह सात बजे से परीक्षा समाप्ति तक नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा।उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।



## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जेडीए के अधिकारियों से विकास कार्यों पर की चर्चा

जयपुर। कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल रा'यवर्धन राठौड़ ने नगरीय विकासए आवासन एवं स्वायत्त शासन रा'य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध झाबर सिंह खर्रा की उपस्थिति में जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली और सकारात्मक विचार विमर्श किया।

राठौड़ ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में सभी जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए राजस्थान के सतत.समग्र विकास के लिए सतत प्रयत्नशील हैं। सभी जनप्रतिनिधि जयपुर विकास प्राधिकरणए नगर निगम और एनएचएआई समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से जयपुर समेत संपूर्ण प्रदेश को विकसित करने के लिए संकल्पित है।बैठक में हाथोज में खेल स्टेडियम की स्थापनाए झोटवाड़ा में सैटेलाइट हॉस्पिटल का निर्माणए योजनाबद्ध तरीके जलभराव की समस्या का समाधानए सड़कों का निर्माणए सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## IIFL Securities Recognized by Great Place To Work India as Best Workplace in Investment Industry for 2024



IIFL Securities has been honoured by Great Place To Work India as the Best Workplace in the Investment Industry for 2024. This prestigious recognition underscores IIFL Securities commitment to creating an exceptional workplace culture, further cementing its position as a leader in the financial sector. This is the sixth year that the Company has received the recognition for its efforts towards building an inclusive and sustainable organisation. The Great Place to Work assessment found IIFL Securities excelling on the 5 dimensions of a High-Trust, High-Performance Culture – Credibility, Respect, Fairness, Pride and Camaraderie.Geetha Menon, Head of Human Resources, IIFL Securities

At IIFL Securities, we are dedicated to fostering a workplace culture that values diversity and inclusion. We ensure that every employee feels respected and empowered, recognizing and embracing the diverse backgrounds, experiences, and aspirations of our workforce. Our robust employee engagement framework cultivates a highly motivated team, driving organizational success and holistic growth.

## युवाओं से स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित

अजमेर। राजस्थान अनुसुचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा युवाओं से स्वरोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना प्रबन्धक अनिल व्यास ने बताया कि राजस्थान अनुसुचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय निगमों के तहत जिले में अनुसुचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति सफाई कर्मचारी दिव्यांगजन एवं अन्य पिछडा वर्ग के युवाओं को जो गरीबी रेखा अथवा गरीबी रेखा की दो.गुना आय सीमा तक जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए इस वितीय वर्ष 2024.25 में स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि इसमें ऐसे परिवारों के लोगों को विभिन्न व्यवसायों तथा महिला समृद्धि योजना, लघु व्यवसाय शहरीए ग्रामीण योजनाए लघु ऋण वित्त योजना, लघु व्यवसाय योजना, डेयरी योजना, इलैक्ट्रीक बैट्री चलित ई.रिक्शा, ऑटोरिक्शा, टैक्टर मय ट्रोली, जीप, टैक्सी, कृषि आधारित लघु व्यवसाय योजना इत्यादि व्यवसाय शुरू करने के लिए कम ब्याज दर पर 20 त्रैमासिक किश्तों में वापसी योग्य ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।इन योजनाओं में लाभार्थी अजमेर जिले का मूल निवासी होए आवेदक अनुसुचित जातिए अनुसुचित जनजातिए सफाई कर्मचारीए दिव्यांगजन एवं अन्य पिछडा वर्ग का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक की वार्षिक आय अनुसुचित जाति 3 लाख रूपएए अनुसुचित जनजाति के आवेदक की शहरी क्षेत्र में 1.20 लाख तथा ग्रामीण क्षेत्र में 0.98 लाख रूपए सफाई कर्मचारियों एवं दिव्यांगजन व्यक्तियों के लिए कोई आय सीमा निर्धारित नहीं है। अन्य पिछडा वर्ग के आवेदक के लिए 3 लाख रूपए तक की आय सीमा निर्धारित हैं।आवेदक पर किसी णदात्री एवं संस्था का ण बकाया नहीं होना चाहिए। ण लेने के इच्छुक व्यक्ति मुख्यालय से पोर्टल बन्द होने तक ऑनलाईन अनुजा निगम के पोर्टल पर ई.मित्र या स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से जनआधार से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए अन्तिम तिथि 30 सितम्बर तक है।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID sabgururunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# जनकपुरी में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव से धर्ममय हुई अजमेर नगरी

अजमेर। भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति ;श्री अग्रवाल पंचायत मारवाडी धड़ा जनकपुरी गंज के तत्वावधान में चल रहे भगवान श्री जगन्नाथ जी के रथयात्रा महोत्सव के तहत गंज स्थित जनकपुरी मंगलवार को भगवान जगन्नाथ महात्म्य ज्ञानार्जन कथा संगीत मय सुंदरकांड पाठ व भजनों से गूंज उठी। भगवान जगन्नाथ महात्म्य कथा वाचक हरीश चंद्र व्यास ने श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ जी की कथा के विभिन्न प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान जगदीश मंदिर के निर्माण के लिए उ'जैन नगरी के राजा विश्वा वसु ने अपने चार दूत को चारों दिशाओं में भेजा। एक दूत पूर्व दिशा में चला गया। वहां निलाचल ;जगन्नाथ भगवान का आलौकिक रूप देख कर वहां राजा इंद्र दुम ने भगवान जगदीश के मंदिर निर्माण का संकल्प लिया।कथा के बाद 108 आसनों पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ



का आयोजन हुआ। भजन गायक ओम चौहान और उनके साथियों ने संगीत मय सुंदरकांड पाठ किया। भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से जनकपुरी गूंज उठी। भजन संध्या में श्रद्धालु झूम उठे। गायक कलाकार सुनील जोशी व ओम चौहान ने श्याम कब आवोगे मोर छड़ी लहराई रे, खाटू का दरबार बड़ा प्यारा लागे रे व किसने किया श्रृंगार मेरे जगन्नाथ का जैसे एक से बढ़कर एक भजनों से श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। श्रद्धालु भक्ति रस में सवार होकर भजनों पर जमकर नाचे।संस्था अध्यक्ष व संजय कंदोई तथा मेला संयोजक राकेश डीडवानिया ने बताया कि भव्य पांडाल में भगवान श्री जगन्नाथ जी को पुरी की तर्ज पर चित्रण लगातार दिखाया जा रहा हैं जिसे देखने और भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। पंडित भरत शर्मा ने भगवान जगन्नाथ जी का मनमोहक श्रृंगार कर महाआरती की। भगवान के अटका प्रसाद का भोग लगाया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भक्ति रस की गंगा में गोते लगाए। साथ ही अपने हाथ उठाकर भगवान जगन्नाथ जी के गगनभेदी जयकारे लगाए। उन्होंने बताया कि मधु गोयल रामचरण श्री कल्याण व लोकेश बिंदल परिवार की ओर से अटका प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी श्रद्धालुओं को वितरित की गई। शाम 6 से 7 बजे तक प्रतिदिन कथा जारी है। सुंदरकांड, महाआरती, कथा व भजन संध्या में संयोजक संजय कंदोई राकेश डिडवानिया, गोविंद नारायण डाणी, विनोद डीडवानियाए आयुष कंदोई, अशोक गुजराती, हरीश बंसल, प्रहलाद गर्ग, सुनील गोयल, ज्योति स्वरूप रायपुरिया संजय अग्रवाल व पवन बंसल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वाल्मीकि समाज सम्मान का पात्र है-अंजना पंवार

अजमेर। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा है कि वाल्मीकि समाज सम्मान का पात्र है।राजस्थान में अजमेर दौरे पर आईं पंवार ने पत्रकारों से कहा कि सफाई कर्मचारी का पुत्र सफाई कर्मी ही बने ऐसा कहीं नहीं लिखा है। वह भी अन्य सम्मानजनक नौकरियों का हकदार है। उन्होंने कहा कि अन्तिम पंक्ति में बैठा यह सामाजिक कर्मचारी वर्ग सम्मान के योग्य है। देश के प्रधानमंत्री भी इनका सम्मान करते हैं। पंवार ने सोमवार को अजमेर जिला परिषद सभागार में सम्भाग स्तर पर सफाई कर्मचारियों से सम्बन्धित



अधिकारियों की बैठक में अधिकारियों को सफाई कर्मचारियों के हित में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी को मुख्यधारा से जोड़े रखने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। सफाई कर्मचारी द्वारा किसी भी रूप में कार्य करने वाले स्थानों पर योजनायें लागू करवाने के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग संकल्पबद्ध है।उन्होंने कहा कि समस्त सफाई कर्मचारियों का वेतन माह के प्रथम सप्ताह में उनके खाते में जमा होना चाहिए। मौसम की आवश्यकता के अनुरूप रेनकोट एवं जैकेट उपलब्ध करवाए जाएं। वर्तमान बारिश के लिए आगामी दो दिनों में रेनकोट दिए जाएं।

कार्मिकों को सर्दी और गर्मी की दो.दो यूनिफॉर्म दी जानी चाहिए। समस्त कार्मिकों का वर्ष में तीन से चार बार सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित हो। सभी कार्मिकों को परिचय पत्र जारी होने से कार्य करने में आसानी होगी। इस परिचय पत्र पर ब्लड ग्रुप पीएफनंबर एवं मेडिकल सुविधा की जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए।

## कोटा में पति की हत्या मामले में पत्नी व प्रेमी को उम्रकैद

कोटा। राजस्थान में कोटा की एक अदालत ने अवैध संबंधों के चलते पति की हत्या करने के मामले में एक महिला और उसके प्रेमी को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशए ;महिला उत्पीड़न प्रकरण क्रम 1 ने ओमप्रकाश ;23 एवं जसोदा बाई उर्फयशोदा ;25 को महावीर प्रसाद की हत्या का दोषी मानते हुए उन पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी किया।

मामले के अनुसार वर्ष 2019 में प्रेम प्रसंग के चलते यशोदा ने प्रेमी ओम प्रकाश से मिलकर अपने पति महावीर प्रसाद की हत्या कर दी थी।

## मोहर्रम जायरीन को मिलेगी खुद खाना बनाने की सुविधा

अजमेर। मोहर्रम 2024 में शिरकत करने वाले जायरीन को खाना पकाने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कायड़ विश्राम स्थली पर राजधारा एवं अजय भारत गैस एजेन्सियों को नियुक्त किया गया है।

जिला रसद अधिकारी ज्योति ककवानी ने बताया कि गैस एजेन्सी द्वारा जायरीन से प्रतिघंटा 10 रूपए की दर से राशि वसूल की जाएगी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)